Class

MIC-I Topic – समाजशास्त्र परिचय : अर्थ, परिभाषा

Date 02/02/26

समाजशास्त्र मानव समाज, संस्कृति और सम्बन्धों का व्यवस्थित और वैज्ञानिक अध्ययन है, जिसमें सामाजिक व्यवहार, समूह संरचनाएँ, सामाजिक संस्थाएँ जैसे-(परिवार, धर्म, शिक्षा) और समाज के विकास और परिवर्तन की प्रक्रियाओं का गहन विश्लेषण किया जाता है।

→ अर्थ (Meaning of Sociology) :-

समाजशास्त्र दो शब्दों से मिलकर बना है :- लैटिन शब्द सोशियस (Socius), जिसका अर्थ है समाज और ग्रीक शब्द लोगोस (Logos) जिसका अर्थ है शास्त्र या अध्ययन। इस प्रकार शाब्दिक अर्थ में समाजशास्त्र समाज का अध्ययन है। यह मानव समाज और उसके विभिन्न पहलुओं का एक क्रमबद्ध और वैज्ञानिक अध्ययन है।

परिभाषा (Definitions of Sociology) ! –

1. मैकाइवर और पेज के अनुसार, "– समाजशास्त्र सामाजिक संबन्धों के विषय में है, सम्बन्धों के जाल को हम समाज कहते हैं।"

2. श्री गिडिंग्स (Giddings) के शब्दों में, –
"समाजशास्त्र समग्र रूप से समाज का क्रमबद्ध वर्णन और व्याख्या है।"

3. फ्रांसीसी समाजशास्त्री श्री दुर्खीम ने भी समाजशास्त्र की परिभाषा देते हुए लिखा है कि –" समाजशास्त्र सामूहिक प्रतिनिधित्व का विज्ञान है।"

→ मुख्य बिंदु : –

1. वैज्ञानिक अध्ययन : समाजशास्त्री समाज का अध्ययन वैज्ञानिक विधियों और अनुसंधान के तरीकों का उपयोग करके करते हैं।

Ajanta Officer

Scanned with CamScanner